कार्यालय मुख्य वन सरंक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
पत्रांक– 2184 /11–सी–FP/UP/IND/39403/2019, लखनऊ, दिनांकः मार्च 02 ,2021

सेवा में,

प्रमुख सचिव,
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग–2,
उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

विषयः– जनपद–सोनभद्र के रेनुकूट वन प्रभाग के अन्तर्गत मे0 रेनुसागर पावर कम्पनी को ऐश डिस्पोजल यार्ड के निर्माण हेतु **10 वर्षो की लीज (दिनांक 21.06.2019 से 20.06.2029 तक के लिए)** दी गयी 61.2348 हे0 वनभूमि के लीज नवीनीकरण के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– उ0प्र0 शासन का पत्रांक 167/81–2–2021–911/1992, दिनांक 05.02.2021

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करने की कृपा करें। उ0प्र0 शासन के उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा विषयगत प्रकरण में लीज अवधि 2009 से 2019 तक की अवधि से सम्बन्धित वित्तीय हानि के सम्बन्ध में वांछित सूचना/सुस्पष्ट आख्या मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर ने अपने पत्रांक–3546/मी0क्षे0/33, दिनांक 22.02.2021 के द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है।

उक्त आख्या में मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर के द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रश्नगत प्रकरण में लीज अवधि दिनांक 21.06.2009 से 20.06.2019 तक की अवधि से सम्बन्धित समस्त देय धनराशि प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा जमा की जा चुकी है तथा प्रश्नगत लीज अवधि से सम्बन्धित कोई भी बकाया अब प्रयोक्ता अभिकरण से जमा कराया जाना वांछित नहीं है।

अतः उक्त पत्र की छायाप्रति सहित वांछित सूचना/सुस्पष्ट आख्या इस अनुरोध के साथ संलग्न कर प्रेषित है कि कृपया विषयगत प्रकरण में आवश्यक अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(अनुपम गुप्ता)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

संख्या– 2184/11–सी–FP/UP/IND/39403/2019, दिनांकित।
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, रेनुकूट वन प्रभाग, रेनुकूट।
3. श्री विवेक कुमार, हेड लीगल, मे0 हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लि0, रेनुकूट।

(अनुपम गुप्ता)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

Acy-267